2017

HINDI

(Major)

Paper : 1.1

(Hindi Sahitya Ka Itihas)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) 'हिन्दी साहित्य के प्राचीन कवि और उनकी कविताएँ' शीर्षक लेख के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ख) हिन्दी साहित्य के आदिकाल को 'वीरगाथाकाल' नाम किसने दिया था?

(ग) 'खुमान रासो' अपभ्रंश से प्रभावित हिन्दी रचना है अथवा अपभ्रंश के प्रभाव से मुक्त?

(घ) सिद्धों की संख्या कितनी है?

(ङ) 'दोहाकोश' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(च) नाथ-साहित्य के आरम्भ-कर्ता कौन माने जाते हैं?

(छ) रामानंद किस धारा के कवि हैं?

(ज) 'पद्मावत' किस परम्परा का काव्य है?

(झ) 'रामचरितमानस' किसकी रचना है?

(ञ) पुष्टिमार्गीय भक्ति किस प्रकार की भक्ति है?

2. अति संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) अपभ्रंश से प्रभावित हिन्दी के किन्हीं दो ग्रंथों का नाम उल्लेख कीजिए।

(ख) आदिकाल के दो प्रमुख साहित्यकारों के नाम लिखिए।

(ग) दादूदयाल की भक्ति-भावना संबंधी दो विशेषताएँ लिखिए।

(घ) किन्हीं दो सूफी कवियों के नाम लिखिए।

(ङ) 'अष्टछाप' का तात्पर्य क्या है?

3. किन्हीं चार प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) जैन साहित्य पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ख) नाथ-साहित्य में गोरखनाथ की भूमिका क्या है?

(ग) आदिकालीन साहित्य की किसी एक रासो कृति का परिचय दीजिए।

(घ) भक्तिकाल का सीमांकन कीजिए।

(ङ) कबीरदास के साहित्यिक योगदान की चर्चा कीजिए।

(च) सगुण भक्तिधारा की विशेषताएँ रेखांकित कीजिए।

4. आदिकाल का सीमांकन करते हुए नामकरण की समस्या पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

आदिकालीन लौकिक साहित्य का परिचय दीजिए।

5. भक्तिकाल की समान विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

'भक्ति आंदोलन' पर एक लेख लिखिए।

6. 'संत' अथवा 'सूफी' काव्य की विशेषताएँ रेखांकित कीजिए। 10

7. कृष्ण भक्ति काव्य-परम्परा में सूरदास का स्थान निर्धारित कीजिए। 10

अथवा

भक्तिकालीन नीति-काव्य पर एक लेखा-जोखा प्रस्तुत कीजिए।

★★★